# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

## जनसंपर्क कार्यालय

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**

### हिंदी विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन

## अच्छे भविष्य के लिए रैगिंग से दूर रहें : कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा

**वर्धा, 20 अगस्त 2025:** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह की संपूर्ति एवं विद्यारंभ दीक्षा कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे भविष्य के लिए रैगिंग से दूर रहना चाहिए। किसी भी विद्यार्थी को मानसिक तथा शारीरिक क्षति नहीं पोहचनी चाहिए। वर्तमान विद्यार्थियों ने नए विद्यार्थियों का दिल खोलकर




स्वागत कर एक दूसरे का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सपनों और उम्मिदों की उम्र में भय, असुरक्षा और डर से मुक्त रहना चाहिए। विश्वविद्यालय और आस-पास का परिवेश ऐसा है जहां मेघदूत लिखा गया है। आपको परिसर के पेड़-पौधें नहाए हुए दिखायी देते हैं। ऐसे वातावण में मन लगाकर पढ़ायी करें और अपने साथियों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में मंच पर डॉ. सुधीर निनावे, मुख्य छात्रावास अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, सहायक कुलानुशासक डॉ. संदीप सपकाळे एवं सूर्यप्रकाश पाण्डेय उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, सावंगी (मेघे) के फोरेंसिक मेडिसिन और विषविज्ञान के एम. डी. डॉ. सुधीर निनावे ने संबोधित किया। उन्होंने रैगिंग से जुड़े कानून, दंड के प्रावधान आदि को बताते हुए इस संबंध में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मीरा निचळे ने किया तथा डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने आभार माना। विश्वविद्यालय में 12-18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया गया, जिसमें पोस्टर, स्लोगन, लोगो डिजाइन, निबंध लेखन प्रतियोगिता व डाक्यूमेंट्री प्रदर्शन आदि का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिताओं के पुरस्कार की घोषणा की गयी, जिसमें यशवर्धन ने प्रथम, योगलाल महतो ने द्वितीय, महेंद्र ने तृतीय, प्रिया कुशवाह ने चतुर्थ तथा मोहम्मद सोहिल व देवदत्त दूबे ने सांत्वना पुरस्कार पाया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं समापन राष्ट्रगान से किया गया। इस अवसर पर शिक्षक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### हिंदी विश्वविद्यालयातील अँटी-रॅगिंग सप्ताहाचा समारोप

## उज्ज्वल भविष्यासाठी रॅगिंगपासून दूर राहावे – कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा

**वर्धा, २० ऑगस्ट २०२५ :** उज्ज्वल भविष्यासाठी विद्यार्थ्यांनी रॅगिंगपासून दूर राहिले पाहिजे. कोणत्याही विद्यार्थ्याला मानसिक किंवा शारीरिक त्रास होऊ नये, ही आपली जबाबदारी आहे. विद्यमान विद्यार्थ्यांनी नवप्रवेशितांचे मनापासून स्वागत करून परस्परांमध्ये सहकार्याचे वातावरण निर्माण करावे असे प्रतिपादन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाच्या कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा यांनी केले. अँटी-रॅगिंग सप्ताहाच्या समारोप प्रसंगी कार्यक्रमाच्या अध्यक्ष म्हणून त्या नवप्रवेशित विद्यार्थ्यांना संबोधित करत होत्या. स्वप्नं आणि आशेच्या या वयात भीती, असुरक्षितता आणि दडपणापासून मुक्त राहणं आवश्यक आहे. विश्वविद्यालय व परिसराचं वातावरण असं आहे, जिथे कधी काळी *'मेघदूत'* सारखं साहित्य तयार झालं. इथले वृक्ष-वेली देखील सौंदर्याने न्हाल्यासारखे वाटतात. अशा प्रेरणादायी वातावरणात एकाग्रतेने अभ्यास करा आणि आपल्या सहकाऱ्यांनाही प्रेरित करा असेही त्या म्हणाल्या.

---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** **www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**

व्यासपीठावर डॉ. सुधीर निनावे, मुख्य वसतिगृह अधीक्षक डॉ. जयंत उपाध्याय, सहायक कुलानुशासन डॉ. संदीप सपकाळे आणि डॉ. सूर्यप्रकाश पांडे उपस्थित होते. या प्रसंगी प्रमुख वक्ते म्हणून जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, सावंगी (मेघे) येथील फॉरेन्सिक मेडिसिन व टॉक्सिकोलॉजी विभागाचे एम.डी. डॉ. सुधीर निनावे यांनी विद्यार्थ्यांना संबोधित केले. त्यांनी रॅगिंगशी संबंधित कायदे, शिक्षा याबद्दल माहिती दिली व विद्यार्थ्यांच्या प्रश्नांना उत्तरं दिली. कार्यक्रमाचे संचालन डॉ. मीरा निचळे यांनी केले व आभार डॉ. सूर्यप्रकाश पांडे यांनी मानले. विश्वविद्यालयात १२ ते १८ ऑगस्ट दरम्यान अँटी-रॅगिंग सप्ताह पाळण्यात आला. यामध्ये पोस्टर, स्लोगन, लोगो डिझाईन, निबंध लेखन स्पर्धा व डॉक्युमेंटरी प्रदर्शन इत्यादी उपक्रमांचे आयोजन करण्यात आले.

या वेळी निबंध स्पर्धेच्या विजेत्यांची घोषणा करण्यात आली, ज्यामध्ये यशवर्धनने प्रथम, योगलाल महतोने द्वितीय, महेंद्रने तृतीय, प्रिया कुशवाहने चौथा व मोहम्मद सोहिल आणि देवदत्त दूबे यांनी सांत्वनपर पुरस्कार प्राप्त केला. कार्यक्रमाची सुरुवात दीपप्रज्ज्वलनाने तर समारोप राष्ट्रगीताने करण्यात आला. यावेळी शिक्षक व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305